फैक्स

सेवा में:– होम कन्ट्रोल/डीजीपी कन्ट्रोल, लखनऊ/इण्ट कन्ट्रोल/अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था/अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ.प्र.लखनऊ/अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, मेरठ/आयुक्त सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर/पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ।

प्रेषक :– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर।

---

पत्र संख्याः– एस0एम0सी0–सरा0कार्य/2022 दिनॉकः नवम्बर 24, 2022

---

# :: सराहनीय कार्य ::

**जनपद मुज़फ्फरनगर के थाना भोपा पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ के दौरान रंगदारी मांगने वाला वांछित बदमाश घायल/गिरफ्तार। कब्जे से 01 मोटरसाईकिल, 01 तमंचा मय 03 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस .315 बोर बरामद।**

सादर अवगत कराना है कि जनपद मुजफ्फरनगर में शातिर चोर/लुटेरे अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी भोपा के निकट पर्यवेक्षण तथा प्र0नि0 श्री सुशील कुमार सैनी थाना भोपा के कुशल नेतृत्व में थाना भोपा पर नियुक्त व0उ0नि0 श्री सत्यनारायण दहिया मय उ0नि0 श्री ललित कुमार, उ0नि0 श्री मोहित कुमार मय हमराहीगण है0का0 298 विनोद कुमार, का0 1536 नितिन शर्मा, का0 196 विमल कुमार, के वास्ते मु0अ0सं0 344/22 धारा 386 भादवि के वादी व वादी के परिवार की सुरक्षा एवं अभियुक्त की तलाश हेतु शुर्कताल में सुरागरसी पतारसी में मामूर थे। जब पुलिस टीम पंजाबी धर्मशाला के सामने पहुची तो जरिये मुखबिर सूचना मिली कि बक संदिग्ध व्यक्ति सफेद रंग की मोटरसाईकिल पर पुस्ता पार्क के सामने काफी समय से खडा है, संदिग्ध है, एवं हथियार से लैस है। इसी दौरान वहां से गुजर रहे स्वाट टीम के है0का0 211 जोगेन्द्र सिंह, का0 854 प्रशान्त, का0 1229 गुरनाम सिंह पुलिस टीम को देखकर रूक गये। पुलिस टीम द्वारा एसओजी टीम को साथ लेकर योजना बनाकर मुखबिर द्वारा बताये नक्षत्र वाटिका के सामने पुस्ता पर पहुचे तो मुखबिर ने पार्क के सामने लगी लाईट की रोशनी में मोटरसाईकिल के पास खडे व्यक्ति की तरफ इशारा कर बताया कि यही वह संदिग्ध व्यक्ति है, जिस पर पुलिस टीम ने आगे बढकर तेजी से गाडी को व्यक्ति के पास ले जाकर रोका तो व्यक्ति ने अपने पास लिए अवैध शस्त्र से पुलिस टीम पर फायर कर दिया जिससे पुलिस टीम सिखलाए गए तरीके से बाल–बाल बची। जिसकी सूचना पुलिस टीम द्वारा जरिये टेलीफोन थाने पर दी गई एवं और फोर्स की मांग की गई, बदमाश अपनी मोटरसाईकिल स्टार्ट कर सच्चा धाम आश्रम ग्राम बिहारगढ रोड की तरफ भागा कि हम पुलिसवालों ने भी अपनी दोनों गाडियों से भागे बदमाश का पीछा करने लगे कि बदमाश चकमा देने की नियत से अपनी मोटरसाईकिल से सच्चा धाम से नीचे को खेतों में जंगल की तरफ जाने वाले रास्ते की तरफ भागा तो बदमाश की मोटरसाईकिल कच्चे रास्ते पर रेत में फिसलकर गिर गई। बदमाश द्वारा फिर से पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा गाडी से उतरकर बदमाश को तेज आवाज अपने आप को पुलिस गिरफ्त में देने की चेतावनी दी गई। पुलिस टीम द्वारा आगे बढकर बदमाश को पकडने की कोशिश की गई तो बदमाश द्वारा फिर से पुलिस टीम पर फायरिंग की गई जिससे पुलिस टीम बाल–बाल बची। तब पुलिस टीम द्वारा सिखलाए गए तरीके से आत्मरक्षार्थ सूक्ष्म फायरिंग की गई जिससे बदमाश चिखता हुआ एवं लडखडाता हुआ रास्ते के किनारे गिर गया, बदमाश की तरफ से फायर बन्द होने पर पुलिस टीम टार्च की रोशनी में सावधानीपूर्वक नजदीक जाकर देखा तो बदमाश घायल अवस्था में पडा था जिसके पैर से खून बह रहा था। पकडे गये बदमाश से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गई तो उसने अपना नाम विवेक चौधरी उर्फ विक्की पुत्र वेदपाल सिह निवासी कस्तला थाना इन्चौली जनपद मेरठ बताया। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 03 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस .315 बोर एवं 01 मोटरसाईकिल अपाचे यूपी 15 बीएक्स 2868 बरामद किया गया।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना भोपा पर मु0अ0सं0 346/22 धारा 307 भादवि व 3/25/27 आयुद्ध अधिनियम पंजीकृत किया गया। पंजीकृत अभियोग की विवेचना उ0नि0 श्री पवन कुमार द्वारा की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः–** दिनांक 19.11.2022 को वादी श्री मनोहरलाल शर्मा कोषाध्यक्ष दण्डी आश्रम निवासी दण्डी आश्रम समीति शुक्रताल, मुजफ्फरनगर द्वारा थाना भोपा को तहरीर देकर अवगत कराया कि विवेक चौधरी पुत्र वेदपाल सिंह निवासी कस्तला थाना इन्चोली जनपद मेरठ द्वारा दण्डी आश्रम शुक्रताल मे. 01 स्पीड पोस्ट

भेजकर वादी व वादी के पुत्र से 10 लाख रुपये रंगदारी की मांग की गयी है। जिसके सम्बन्ध में थाना भोपा पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई थी।

**पूछताछ का विवरणः–** प्रारंभिक पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि दण्डी आश्रम शुक्रताल के कोषाध्यक्ष द्वारा मेरी बेइज्जती करायी गयी थी जिसका बदला लेने के लिए मैने दिनांक 14.11.2022 को दण्डी आश्रम समीति शुक्रताल, मुजफ्फरनगर मे 01 पत्र स्पीड पोस्ट से भेजकर रंगदारी की डिमान्ड की थी और आज इसी फिराक मे शुक्रताल आया था। अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**घायल/गिरफ्तार अभियुक्त का नाम/पता–**

1. विवेक चौधरी उर्फ विक्की पुत्र वेदपाल सिह निवासी कस्तला थाना इन्चौली जनपद मेरठ।

**बरामदगीः–**

1. 01 तमंचा मय 03 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस .315 बोर।
2. 01 मोटरसाईकिल अपाचे यूपी 15 बीएक्स 2868।

**अभियुक्त विवेक चौधरी उर्फ विक्की उपरोक्त का आपराधिक इतिहास–**

1. मु0अ0सं0 137/21 धारा 307 भादवि थाना थाना थाना भोपा, मुजफ्फरनगर।
2. मु0अ0सं0 138/21 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट थाना भोपा, मुजफ्फरनगर।
3. मु0अ0सं0 344/21 धारा 394,411 भादवि थाना भोपा, मुजफ्फरनगर।
4. मु0अ0सं0 353/21 धारा 136/137 विधुत अधि0 थाना भोपा, मुजफ्फरनगर।
5. मु0अ0सं0 365/21 धारा 380,411,357 भादवि थाना भोपा, मुजफ्फरनगर।
6. मु0अ0सं0 85/22 धारा 2/3 गैंगस्टर अधि0 थाना भोपा, मुजफ्फरनगर।
7. मु0अ0सं0 344/222 धारा 386 भादवि थाना भोपा, मुजफ्फरनगर। (वांछित)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः–**

1. नि0 श्री राजकुमार शर्मा एसओजी टीम मुजफ्फरनगर।
2. व0उ0नि0 श्री सत्यनारायण थाना भोपा, मुजफ्फरनगर।
3. उ0नि0 श्री ललित कुमार थाना भोपा, मुजफ्फरनगर।
4. उ0नि0 श्री मोहित कुमार थाना भोपा, मुजफ्फरनगर।
5. उ0नि0 श्री मुबारिक हसन एसओजी टीम मुजफ्फरनगर।
6. है0का0 211 जोगेन्द्र एसओजी टीम मुजफ्फरनगर।
7. है0का0 859 प्रभात, एसओजी टीम मुजफ्फरनगर।
8. है0का0 ब्रह्मपाल सिह, एसओजी टीम मुजफ्फरनगर।
9. है0का0 298 विनोद कुमार थाना भोपा, मुजफ्फरनगर।
10. का0 1536 नितिन शर्मा थाना भोपा, मुजफ्फरनगर।
11. का0 196 विमल कुमार थाना भोपा, मुजफ्फरनगर।
12. का0 1229 गुरुनाम सिह, एसओजी टीम मुजफ्फरनगर।

नोटः– गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है। अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है ।

वरिष्ठ पलिस अधीक्षक
मुजफ्फरनगर।